हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, गुरुवार, 30 अक्टूबर 2025


तापमान

अधिकतम 28 .0 डिग्री

न्यूनतम 17 .0 डिग्री


10 अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की बैठक संपन्न





10 रोहतक रोड पर धूल के रूप में लोगों की सांसों में....




## खबर संक्षेप

### एटीएम बदल निकाले 40 हजार, धोखाधड़ी का केस

**जींद।** जुलाना एटीएम केबिन में राशि निकलवाने गए व्यक्ति का एटीएम कार्ड बदल कर अज्ञात व्यक्ति ने 40 हजार रुपये निकाल लिए। शिकायत के आधार पर जुलाना थाना पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। गांव शादीपुर निवासी विरेंद्र ने पुलिस को शिकायत दी है।

### सड़क हादसे में एक युवक की जान गई

**कैथल।** गांव डडवाना में एक सड़क हादसे में 32 वर्षीय युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौप दिया। गांव बरोट के बसावा सिंह ने ढांड थाना में दी शिकायत में बताया कि 28 अक्टूबर को दोपहर के समय उसका भतीजा अमरजीत सिंह मोटरसाइकिल पर अपने किसी काम से गांव से गया था।

### पोल्ट्री फार्मर के 21.27 लाख रुपये हड़पे, केस

**जींद।** पोल्ट्री फार्मर से मुर्गे खरीद लगभग 21 लाख 27 हजार रुपये हडपने पर सदर थाना पुलिस ने व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी, धमकी देने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव ईक्कस निवासी देवेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पोल्ट्री फार्मर है। विक्रम श्योराण उससे मुर्गे खरीदता था।

### कपड़े की दुकान से हजारों का सामान चोरी

**कैथल।** कैथल की कपड़ा मार्केट से चोर हजारों रुपए की नकदी चुरा कर ले गए। चंदाना गेट कैथल के विजय कुमार ने शहर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह कपड़ा मार्केट कैथल में दुकान करता है। उसने बताया कि 26 अक्टूबर की रात को कर उसकी क्लॉथ मार्केट स्थित मंगत राम दुकान में घुसकर वहां पर रखे करीब 40000 की नकदी चुरा कर ले गए।

### शराब की बोतल से हमला कर युवक किया घायल

**जींद।** सफीदों रोड के रेस्टोरेंट में शराब की बोतल से हमला कर युवक को घायल करने पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने चार युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव जैजैवंती निवासी करण ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सफीदों रोड पर एक रेस्टोरेंट में खाना खाने आया हुआ था। वहां पर मोहित व उसके साथी शराब पी रहे थे। उसी दौरान आरोपितों की उसके साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई।

### मारपीट में पिता पुत्र घायल, शिकायत दर्ज

**कैथल।** सदर पुलिस कैथल ने मारपीट का एक मामला दर्ज किया है। गांव सांघन के अभिषेक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 22 को प्रात करीब 9:00 गांव के ही हुकुम सिंह, रोशनी तथा तोसी ने मिलकर ईटों से हमला करते उसे तथा उसके पिता उदय सिंह को घायल कर दिया। आरोप है कि आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी।

### इंस्टा आईडी पर धमकी देने पर मुमदमा दर्ज

**जींद।** इंस्टाग्राम आईडी पर बुरा अंजाम भुगतने की धमकी देने पर उचाना थाना पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ आईटी एक्ट समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सुदकैन कलां निवासी संजीव ने पुलिस को शिकायत दी है।

### गांव बदसुई से मोबाइल हजारों की नकदी चोरी

**कैथल।** चीका पुलिस ने बदसुई के एक कमरे से मोबाइल फोन तथा 18000 रुपये की नकदी चुराने के आरोप में युवक के खिलाफ केस दर्ज किया है। बदसूई के हरदीप ने चीका पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 5 सितंबर को दोपहर के 11:30 बजे सियाली का गुरुदेव उसका फोन तथा 18000 रुपये की नकदी चुरा कर ले गया।

# चाय की रेहड़ी लगाने वाले की बेटी ने एशियन गेम्स में जीता कांस्य पदक

## उपायुक्त व भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी ने किया खुशी का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कैथल

चाय की रेहड़ी लगाने वाले की बेटी खुशी सैनी ने बहरीन में चल रहे एशियन गेम्स के कुराश मुकाबले में कांस्य पदक जीतकर न केवल अपने जिले कैथल का बल्कि पूरे देश का नाम रोशन किया है। कांस्य पदक जीतकर कैथल लौटने पर डीसी प्रीति व बीजेपी जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी ने खुशी को मेडल पहनाकर स्वागत किया और उनकी इस असाधारण उपलब्धि के लिए बधाई दी। साथ ही उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उनके साथ एसडीएम अजय सिंह भी मौजूद थे।




**कैथल।** भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी छात्रा खुशी सैनी को सम्मानित करते।

डीसी प्रीति ने कहा कि खुशी की यह जीत कैथल के उन सभी बच्चों के लिए प्रेरणास्त्रोत है, जो विपरीत परिस्थितियों में भी बड़े सपने देखने का हौसला रखते हैं। उन्होंने खुशी को भविष्य में और कड़ी मेहनत करने और देश के लिए स्वर्ण पदक जीतने के लिए प्रोत्साहित किया। यह खुशी की लगातार दूसरी बड़ी सफलता है। इस कांस्य पदक से ठीक पहले, उन्होंने पिछले महीने दक्षिण कोरिया में आयोजित हुई एशियन चैंपियनशिप के कुराश मुकाबले में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया था। डीसी प्रीति ने खुशी के पिता को बधाई देते कहा कि हम सभी उनके आभारी हैं, जिन्होंने अपनी बेटी की सफलता के लिए इतनी कड़ी मेहनत की। यह सभी के लिए प्रेरणा की बात है। उन्होंने खुशी को आशीर्वाद देते हुए भविष्य में भी इसी लग्न एवं मेहनत से सफलता हासिल करने की शुभकामनाएं दीं।

#### सफलता पर बधाई दी

बीजेपी जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी ने खिलाड़ी खुशी व उनके पिता को बधाई देते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि दर्शाती है कि प्रतिभा और कड़ी मेहनत किसी भी आर्थिक बाधा से बड़ी होती है। एसडीएम अजय सिंह ने भी खुशी व उनके परिजनों सहित कोच को इस सफलता पर बधाई दी।

#### हमेशा प्रोत्साहित किया

बता दें कि खुशी के पिता सतीश कुमार सैनी कैथल में पुराने हिंद सिनेमा के पास एक चाय की रेहड़ी लगाते हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अपनी बेटी के सपनों को उड़ान देने में कोई कसर नहीं छोड़ी। खुशी के पिता प्रतिदिन सुबह-शाम उन्हें प्रशिक्षण के लिए स्टेडियम छोड़कर जाते हैं और साथ में अपनी आजीविका भी चलाते हैं। सीमित आय के बावजूद बेटी के खेल के प्रति जुनून को हमेशा प्रोत्साहित किया।

#### ये रहे मौजूद

खुशी के कोच जोगिंद्र व संदीप कुमार ने बताया कि खुशी पिछले दो सालों से कुराश खेल से जुड़ी हैं। इस खेल से पहले, वह कुश्ती खेलती थीं। दो वर्षों के भीतर ही कुराश में उनकी यह उपलब्धि उनके समर्पण, उसके अभिभावकों के त्याग और कुशल मार्गदर्शन का परिणाम है। इस अवसर पर एसडीएम अजय सिंह, डीआइपीआरओ नसीब सिंह सैनी, कोच जोगेंद्र सिंह, पिता सतीश सैनी आदि उपस्थित थे।

## गांव बड़ौदा में खेत में बने कमरे में लगी भीषण आग, दो किसानों की मौत

# जिगरी दोस्त थे अशोक और अमरजीत एक साथ दुनिया को कह गए अलविदा

## दो जवान मौत होने की सूचना से गांव में शोक की लहर, नहीं जला चूल्हा

देर रात हीटर की तार में शॉर्ट सर्किट से आग लगी।



**उचाना।** खेत में बना कोठड़ा जहां दर्दनाक घटना घटी। *फोटो :हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद/उचाना

बड़ौदा गांव में बुधवार को दो जवान मौत होने की सूचना गांव में मिलने के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक एक ही मोहल्ले के थे जो आपस में दोस्त थे। ग्रामीणों ने बताया कि अशोक, अमरजीत काफी समय एक साथ बीतते थे। ये दोनों आपस में दोस्त थे। दोनों हमेशा साथ रहते थे अब एक साथ ही दर्दनाक जो घटना घटी है उसमें दोनों की मौत हो गई। दोनों मिलनसार स्वभाव के थे। ग्रामीणों ने बताया कि अशोक के पिता राममेहर की मौत जब हुई जब अशोक की उम्र कम थी। अशोक अपने पिता का इकलौता बेटा है। अशोक की मौत होने से 7 साल के बेटे, 6 साल की बेटी के सिर से पिता का साया उठ गया। अशोक के घर ढांढस बंधाने जाने वाले लोगों की आंखे खुद अपने आप नम हो रही है। अशोक के परिवार को यकीन नहीं हो रहा कि अब अशोक कभी लौट कर नहीं आएगा। पत्नी, मां का रो-रो कर बुरा हाल है। अमरजीत उर्फ सोनू दो भाईयों में बड़ा है। छोटा भाई स्पोर्टस मैन है जो रोहतक में ट्रेनिंग ले रहा है। अमरजीत अपने पीछे पिता, मां, भाई एवं दादी, दो विवाहित बहनों को छोड़ गया। ग्रामीणों ने बताया कि अमरजीत पढ़ाई में होशियार था। पहले वो यूपीएससी की तैयारी भी किया करता था। दोनों परिवारों के यहां इस घटना के बाद मातम छा गया है। परिवार के सदस्यों को यकीन नहीं हो रहा है कि उनके बेटे अब घर कभी नहीं आएंगे। दोनों एक ही मोहल्ले के है जिनमें आपस में दोस्ती गहरी थी। पूरे मोहल्ले में इस घटना के बाद चूल्हा तक घरों में नहीं जला है। हर कोई इस दर्दनाक घटना के बाद शोक में डूबा है। यह है मामलाः उचाना क्षेत्र के गांव बड़ौदा में मंगलवार रात खेत में बने कोठड़े (कमरा) में आग लग गई। इस घटना में वहां सो रहे दो युवकों की जलने से मौत हो गई। कोठड़े में हीटर की तार में शार्ट सर्किट होने से आग लगने की बात सामने आई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतकों की पहचान बड़ौदा गांव के अशोक (33 )और अमरजीत उर्फ सोनू (34)के तौर पर हुई है। बताया जा रहा है कि खेत अशोक का ही था और दोनों वहीं रात को ठहरे हुए थे। देर रात हीटर की तार में शॉर्ट सर्किट से आग लगी। आग ने देखते ही देखते पूरे कोठड़े को अपनी चपेट में ले लिया।

#### एक ही मोहल्ले से

ग्रामीणों ने बताया कि दोनों किसान परिवार से है वो मेहनती और मिलनसार स्वभाव के थे। अचानक हुई इस घटना से गांव में गहरा दुख व्याप्त है। अशोक, अमरजीत एक मोहल्ले से है। वो एक साथ बहुत ज्यादा रहते थे। अशोक अपने पीछे मां, पत्नी, एक 7 साल का बेटा, 6 साल की बेटी छोड़ गया। अमरजीत उर्फ सोनू दो भाईयों में बड़ा था। थाना प्रभारी दिलबाग सिंह ने बताया कि मृतक अमरजीत के पिता राममेहर की शिकायत पर इतफाकियन मौत की कार्यवाही पुलिस ने की है।

#### परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना उचाना प्रभारी दिलबाग सिंह और डीएसपी उचाना संजय कुमार मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अशोक का शव नरवाना पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया तो अमरजीत उर्फ सोनू का शव ज्यादा जला होने कारण खानपुर पोस्टमार्टम के लिए भेज गया। हादसे की खबर फैलते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

#### चारपाई पर थे दोनों के शव

माना जा रहा है कि जब कोठड़े में धुआं हुआ तो दोनों सो रहे होंगे दोनों की मौत दम घूटने से हुई होगी। अंदर आग लगने से दोनों के शव जले हुए मिले। अमरजीत के पिता राममेहर की शिकायत पर इतफाकियन मौत की कार्यवाही पुलिस ने की। बुधवार सुबह जब आस-पास के खेतों के किसान खेत में पहुंचे तो जो खेत में कोठडा बना हुआ है जिस पर कुछ समय पहले पेंट करवाया था वो काला नजर आया। जब वहां जाकर देख तो दो युवकों के शव जले हुए चारपाई पर थे।




**जींद।** पुलिस गिरफ्त में बाइक चोर। *फोटो :हरिभूमि*

# चोरी की आठ बाइक के साथ एक गिरफ्तार

### पूछताछ के बाद आरोपित को भेज दिया कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

सीआईए स्टाफ जींद ने बाइक चोर गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए बाइक चोर से चोरीशुदा आठ बाइकें बरामद हुई हैं। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया है। जींद निवासी सोनू ने 19 दिसंबर 2024 को को सिविल लाइन थाना पुलिस को दी शिकातय में बताया था कि उसकी बाइक को गांव पिंडारा के निकट से चोरी कर लिया है। पुलिस ने सोनू की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। सीआईए स्टाफ जींद की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर जींद निवासी प्रदीप को गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ में प्रदीप ने अलग-अलग जगहों से चोरी की आठ बाइकों को बरामद किया। बरामद बाइक को नियमानुसार कब्जे में ले पुलिस ने आरोपित सोनू को कोर्ट में पेश किया। जहां से सोनू को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

### ऑनलाइन टास्क देकर ₹2.32 लाख का चूना

**जींद।** साइबर ठगों ने एक व्यक्ति को ऑनलाइन टास्क देकर दो लाख 32 हजार रुपये का चूना लगा दिया। साइबर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव सुदकैन निवासी सुमित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 11 अगस्त को व्हाट्सअप पर मैसेज आया। जिसमें ऑनलाइन टास्क को पूरा करने पर अच्छा मुनाफा दिखा गया। झांसें में आकर उसने ग्रुप को ज्वायन कर लिया। जिसके बाद उसके नाम की आईडी बना दी। जिसमें उसने कुछ रुपये निवेश किए तो उसके वॉयलेट में मुनाफा दिखाया गया। उसकी निवेश करने का सिलसिला 24 अगस्त तक जारी रहा। उसने कुल दो लाख 32 हजार 670 हजार रुपये का निवेश किया। जब वह राशि निकलवाने की कोशिश करता, कभी स्कोर कम होने तो कभी कुछ कह कर राशि और निवेश करने का दबाव डाले जाने लगा। जिसके बाद उसे ठगी का अहसास हुआ। साइबर थाना पुलिस ने सुमित की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधडी का मामला दर्ज किया है।

### कनाडा भेजने के नाम पर ठगी का आरोपी दबोचा

**कैथल।** विदेश भेजने के सब्जबाग दिखाकर आमजन से लाखों रुपए ठगी करने वालो आरोपियों पर एसपी उपासना के निर्देशानुसार जिला पुलिस द्वारा लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। ऐसे ही कनाडा भेजने के नाम पर ठगी करने के एक मामले की जांच इकोनॉमिक सेल प्रभारी इंस्पेक्टर ओमप्रकाश की अगुवाई में एएसआई सुरेंद्र सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी अर्जुन नगर कैथल हाल निवासी नागलोई दिल्ली निवासी राम वर्मा उर्फ राहुल को काबु कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव सिसाय जिला हिसार निवासी जगदीश ने शिकायत में बताया कि वर्ष 2022 के प्रारंभ में उसकी हांसी बस स्टैंड के पास चाय की दुकान पर अर्जुन नगर कैथल निवासी राम वर्मा उर्फ राहुल नामक व्यक्ति से मुलाकात हुई थी। राहुल ने कहा कि वह पुराना बस स्टैंड कैथल के पास शाह टूर ट्रेवल्स नाम से ऑफिस चलाता हैं। और अपने आप को विदेश में नौकरी दिलवाने वाला एजेंट बताया। उसने बताया कि वह कई लोगों को कनाडा भेज चुका है और उसने पीड़ित को भरोसा दिलाया कि वह उसके बेटे को भी कनाडा की नामी कंपनी बैरी हिल फार्म में नौकरी दिला देगा। राहुल ने इस काम के लिए 10 लाख रूपये मांगे। इस भरोसे में आकर जगदीश ने अपने बेटे के कनाडा वीजा के लिए 7 लाख शुरू में मांगे तथा 3 लाख रुपए टिकट बनने के बाद दाने होगे। जिसके बाद उसने राहुल को 6 लाख 77 हजार रुपये आरोपी को दिए।

### सरकार हर वर्ग के लिए काम कर रही

**पूंडरी।** भाजपा की वरिष्ठ नेत्री निधि मोहन ने कहा कि हरियाणा में मुख्यमंत्री नायाब सरकार के नेतृत्व में विकास कार्यों की झड़ी लगी हुई है। पीएम मोदी के सशक्त नेतृत्व में भारत के हाथ और अधिक मजबूत हैं। भाजपा संगठन के समर्पित कार्यकर्ताओं को उनके योगदान के अनुरूप मान-सम्मान एवं जिम्मेदारियाँ दी जा रही हैं। इसी क्रम में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता को मार्केट कमेटी चेयरमैन का पदभार ग्रहण करवाया। पदभार ग्रहण समारोह में स्थानीय भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने भाग लिया। कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से चेयरमैन एंड वाईस चेयरमैन का स्वागत किया और उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी। भाजपा नेत्री निधि मोहन ने कहा कि संगठन के वरिष्ठ, पुराने, कर्मठ और समर्पित कार्यकर्ता को पार्टी ने चेयरमैन और वाईस चेयरमैन के लिए चुना हैं। उनके अनुभव और ईमानदार कार्यशैली से मार्केट कमेटी के कार्यों में नई ऊर्जा और पारदर्शिता आएगी। कहा कि मुख्यमंत्री नायाब सरकार की प्राथमिकता जनता को विकास के लाभ पहुँचाना है और भाजपा सरकार हर वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। स्थानीय नेताओं ने भी सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते कहा कि भाजपा सरकार में हर वर्ग को सम्मान और अवसर मिल रहा है। निधि मोहन ने बताया की पुंडरी से सुभाष हजवाना चेयरमैन और देवीदयाल बरसाना वाईस चेयरमैन पाई से कृष्ण पिलनी चेयरमैन और सत्यवान दुल्ल वाईस चेयरमैन, ढांड से विजेंद्र महला एंड जयसिंह सोलुमाजरा ने वाईस चेयरमैन नियुक्त हुए ।

### कैथल असंध मार्ग टूटने से राहगी परेशान

**राजौंद।** राजौंद का मुख्य कैथल असंध मार्ग पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है।जिला उपायुक्त के दौरे के दौरान दो अक्टूबर तक पब्लिक हेल्थ को पीडब्ल्यूडी विभाग को हैंडओवर करने की बात कही गई थी और लोगों को उम्मीद जगी थी कि शायद अब सड़क का निर्माण कार्य जल्दी ही पूरा हो जाएगा। लेकिन इस बात को भी डेढ़ महीने से ज्यादा समय बीत चुका है अभी तक भी सड़क के निर्माण का कार्य शुरू नहीं हुआ। यहां तक की अभी तक पब्लिक हेल्थ ने भी अपना कार्य पूरा नहीं किया। जिससे लोगों में आए दिन रोष बढ़ रहा है। क्योंकि सड़क से गुजरना किसी खतरे से खाली नहीं है। सड़क इतनी जर्जर हो चुकी है कि एक कदम भी नहीं चला जा सकता। जगह-जगह सड़क पर बने गहरे गड्ढों से निकलना किसी भी खतरे से खाली नहीं है।हालत यह बने हुए हैं कि 5 मिनट का रास्ता 20 से 25 मिनट में तय होता है। कई बार एक साइड में अगर कोई गाड़ी फंस जाएं तो लंबा जाम तक लग जाता है। लेकिन संबंधित विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा। सड़क की हालत देखकर हर गुजरने वाला यही कहता है कि राजौंद शहर की यह दशा देखकर नहीं लगता कि यहां नगर पालिका है ।जबकि मौके के हालात देखकर गांव से बद्तर स्थिति बनी हुई है। इसके कारण वाहन चालकों व दुकानदारों को बहुत मुश्किल हो रही हैं। बड़े वाहन चालकों को इस खस्ता सड़क का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है और बेबस होकर धीमी गति से चलना पड़ता है।

### एसआईआर को बढ़ाने का किया विरोध

**कैथल।** सीपीआई(एम) राज्य कमेटी हरियाणा,भारत के चुनाव आयोग के उस फैसले का कड़ा विरोध करती है जिसमें उसने मतदाता सूची के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को बारह राज्यों तक बढ़ाने का फैसला किया है। राज्य सचिव कामरेड प्रेम चंद ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कहा कि जैसा कि बिहार ने दिखाया है, इस प्रक्रिया से समाज के कमजोर तबके के बहुत से लोग वोट देने से वंचित हो जाते हैं। यह बहुत चिंता की बात है कि चुनाव आयोग यह काम तब भी कर रहा है जब नागरिकता तय करने में उसके अधिकार क्षेत्र का सवाल अभी भी सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। संविधान में साफ तौर पर कहा गया है कि मतदाता सूची में नाम दर्ज करने के लिए नागरिकता एक जरूरी शर्त है, लेकिन इसको तय करना चुनाव आयोग के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है। चुनाव आयोग बिहार के अनुभव से सीखने से इनकार कर रहा है। उसे यह मानना पड़ा कि सबूत के तौर पर जिन ग्यारह दस्तावेजों की उसे जरूरत है, उन्हें शुरू में नामांकन फार्म के साथ जमा करने की जरूरत नहीं है। यहां तक कि आधार, जिसे सुप्रीम कोर्ट के दखल के बाद ही जोड़ा गया था, उसे भी सिर्फ रहने का सबूत माना जाता है। ऐसे दस्तावेजों पर जोर देना जो आम तौर पर गरीब और कमजोर लोगों के पास नहीं होते, इन लोगों के बड़े हिस्सों को वोटों से दूर कर देगा। माकपा वोटरों पर ही नामांकन का बोझ डालने का अपना विरोध दोहराती है। वोटरों का एनरोलमेंट करना पूरी तरह से चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है।

## परेशानी — सॉफ्टवेयर में दिक्कत के चलते मरीजों को उठानी पड़ी परेशानी

# नागरिक अस्पताल में सुबह नहीं हुआ मरीजों का रजिस्ट्रेशन, दर्द के कारण कराहते रहे लोग

पौना घंटा तक लाइनों में रजिस्ट्रेशन के लिए खड़े रहे मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में बुधवार सुबह उस समय परेशानी खड़ी हो गई जब पोर्टल न चलने के चलते मरीजों का ओपीडी रजिस्ट्रेशन नही हुआ। लगभग पौना घंटा तक पोर्टल ठप रहा। जिस साफ्टवेयर में मरीजों का रजिस्ट्रेशन किया जाता है, उसमें कोई तकनीकी खामी आ गई थी। जिस कारण आप्रेटरों को मरीजों का रजिस्ट्रेशन करने में परेशानी आई। पौने दस बजे रजिस्ट्रेशन शुरू हो पाया और इसके बाद ही मरीजों को राहत मिली। नागरिक अस्पताल में सर्दियों के चलते अस्पताल का समय सुबह नौ बजे से शुरू होता है। ऐसे में सुबह साढ़े आठ बजे ही मरीज अपना रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए खिड़की के पास लाइनों में लग जाते हैं। जब अस्पताल में कर्मचारियों ने मरीजों का रजिस्ट्रेशन करना शुरू किया तो उनका साफ्टवेयर जवाब दे गया था। किसी भी मरीज का रजिस्ट्रेशन नहीं हो पाया। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग के मुख्यालय में संपर्क किया गया। लगभग पौने दस बजे मरीजों का रजिस्ट्रेशन शुरू हो पाया। इसके बाद ही मरीज ओपीडी में पहुंच सके। अस्पताल में आए कुलदीप, ने बताय कि वो अपने-अपने मरीजों को लेकर अस्पताल में उपचार के लिए आए थे। ओपीडी स्लिप के लिए लंबी लाइन में लगी। यहां आकर पता चला कि रजिस्ट्रेशन नही हो रहा है।

परेशान मरीज...



#### तकनीकी कमी बनी बांधा

नागरिक अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि सुबह के समय मरीजों के रजिस्ट्रेशन में कुछ परेशानी आ गई थी। पोर्टल आधा घंटा तक नही चला। तकनीकी कमी के कारण ऐसा हुआ। जिससे मरीजों का इंतजार करना पड़ा। इसके बाद रजिस्ट्रेशन शुरू हुआ तो मरीजों को ओपीडी में भेजा गया।




**कैथल।** डीसी प्रीति अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते। *फोटो :हरिभूमि*

#### कार्यक्रम की तैयारियों के निर्देश

**कैथल।** डीसी प्रीति ने कहा कि एक नवंबर को हरियाणा दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन आरकेएसडी कॉलेज में किया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई जाएंगी, जिसमें समूह लोक नृत्य, लोक गीत, पेंटिंग एवं मूर्ति बनाओ प्रतियोगिता शामिल हैं। इस कार्यक्रम का सफल बनाने के लिए सभी संबंधित अधिकारी अपनी पूरी तैयारियां रखें। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। डीसी प्रीति बुधवार को लघु सचिवालय स्थित वीडियो कांफ्रेंस रूम में हरियाणा दिवस सहित आगामी अन्य आयोजनों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दे रहीं थीं। इससे पहले हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने हरियाणा दिवस, रन फॉर यूनिटी, गीता जयंती, मंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की और आवश्यक निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### नवंबर में करवाना होगा जीवन प्रमाण पत्र जमा

**जींद।** जिला कोषाधिकारी हजारा सिंह ने बताया कि जिला जींद के सदर खजाना कार्यालय जींद एवं इसके अधिनस्थ उप खजाना कार्यालय जुलाना, नरवाना, पिल्लूखेड़ा, उचाना, सफीदों एवं अलेवा में हरियाणा सरकार से सेवानिवृत पेंशनरों द्वारा पेंशन को सुचारू रूप से जारी रखने के लिए माह नवंबर 2025 में ऑनलाइन माध्यम से जीवन प्रमाण पत्र, गैर विवाह प्रमाण पत्र एवं गैर रोजगार प्रमाण पत्र जमा किए जाने हैं।

### पंचकूला में आयोजित होगा राज्य स्तरीय कार्यक्रम

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि एक नवंबर को हरियाणा दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन पंचकूला में किया जाएगा। इसमें कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग द्वारा एक से तीन नवंबर तक यवनिका गार्डन सेक्टर 5 पंचकूला में हरियाणवी फोक सोंगध्रागनी तथा हरियाणवी लोक नृत्य समूह प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी कृष्ण ने प्रतियोगिताओं के बारे में जानकारी दी।

### ललित कला के महत्वपूर्ण चरणों पर डाला प्रकाश

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि में कुलपति प्रो रामपाल सैनी के मार्गदर्शन में युवा एवं संस्कृति विभाग द्वारा साहित्यिक एवं ललित कला पर तीन दिवसीय कार्यशाला के दूसरे दिन विद्यार्थियों को साहित्य एवं ललित कला के महत्वपूर्ण चरणों पर प्रकाश डाला गया। कार्यशाला में विभिन्न कलाकारों और विशेषज्ञों ने अपनी विशेषज्ञता सांझा की। केएसपी शांते ने साहित्यिक गतिविधियों पर चर्चा की। मदन लाल ने क्ले मॉडलिंग पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया।

### नशा मुक्ति को लेकर छात्रों को जागरूक किया

**जींद।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खांडा में पुलिस विभाग बच्चों को साइबर सुरक्षा एवं नशा मुक्ति के लिए गांव वालों और बच्चों को प्रेरित किया। प्रधानाचार्य अशोक कुमार एवं एसएचओ आत्माराम ने पौधारोपण करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। एनएसएस अधिकारी देवेन्द्र कौशिक ने पौधा लगवा कर कार्यक्रम आयोजित किया। ग्राम सरपंच सोनू, एसएससी प्रधान राजेश शर्मा, डा. रामचंद्र, संजीव कुमार, बलवान आदि मौजूद रहे।

### वरिष्ठ उप प्रधान अनिल हुड्डा मनोनित किए

**जींद।** हरियाणा गर्वनमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा सफीदों ब्रांच में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कई कर्मियों ने यूनियन में आस्था जताई। जींद ब्रांच प्रधान जयवीर जुलानी ने कर्मचारियों का स्वागत किया। इस अवसर पर सफीदों ब्रांच के प्रधान सतपाल कुंडू ने ब्रांच संगठन का पुनर्गठन यूनियन कार्यालय में किया। जिसमें वरिष्ठ उप प्रधान अनिल हुड्डा, रवि चोपड़ा उप प्रधान, सुरेंदर सैनी सलाहकार, सह सचिव विकास कुंडू को सर्व समिति से चुना गया।

### रैली को लेकर चलाया पोस्टर लगाओ अभियान

**जींद।** ऑल सफाई कामगार संघर्ष समिति हरियाणा के आह्वान पर नौ नवंबर को कुरुक्षेत्र में होने वाली महापुकार रैली की तैयारियों को लेकर ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन हरियाणा के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने जींद ब्लॉक में रैली का पोस्टर लगाओ अभियान चलाते हुए बिरौली, अशरफगढ़, रधाना, सिंधवी खेड़ा, निडानी, आसन, खेड़ी, तलौडा, लोहचब, खुंगा, मनोहरपुर आदि गांवों में पोस्टर लगाए एवं सफाई कर्मचारियों को रैली का पर्चा वितरित किया।

### धान खरीद पारदर्शी तथा सुव्यवस्थित ढंग से जारी

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि जिला प्रशासन किसानों के हितों की सुरक्षा पारदर्शी खरीद व्यवस्था और सुविधाओं के सुचारू प्रबंधन के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। धान खरीद सीजन के दौरान मंडियों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं ताकि किसान को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े।

# एमपीएचडब्ल्यू की हड़ताल का डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ने लगा असर

## मांगे पूरी होने तक ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार जारी रहेगा, 25 से ऑनलाइन काम छोड़ हड़ताल लगातार जारी

**प्रदेश की बीस हजार आशा वर्कर का भुगतान अटकेगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

एमपीएचडब्ल्यू की गत 25 अक्टूबर से ऑनलाइन काम छोड़ हड़ताल लगातार जारी है। एमपीएचडब्ल्यू की हडताल से अब आमजन की परेशानियां बढने लगी हैं। स्वास्थ्य कार्यों की ऑनलाइन एंट्री न होने के चलते गर्भवती महिलाओं का रजिस्ट्रेशन के बाद आरसीएच नंबर नहीं मिल पा रहा है। गौरतलब है कि प्रदेश में अवैध गर्भपात के मामलों को ट्रेस करने के लिए अल्ट्रासाउंड से पहले आरसीएच जरूरी की हुई है। जो कि उप स्वास्थय केंद्र पर कार्यरत एमपीएचडब्ल्यू द्वारा अनमोल पोर्टल रोक दिए जाने से बंद हो गई है। इसके अलावा एमपीएचडब्ल्यू कर्मचारियों द्वारा स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित किए जा रहे सभी तरह के ऑनलाइन एप पर काम करना बंद कर दिया है। यूवीन के माध्यम से बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण को ऑनलाइन किया जाता है। इसमें लाभार्थी को टीका लगने से पहले और बाद में अभिभावक के मोबाइल नंबर पर जानकारी भेजी जाती है। आधार कार्ड के माध्यम से पेशेंट की जानकारी भी ऑनलाइन की जाती है। इसी प्रकार निक्षय पोर्टल ठप करने से टीबी मरीजों की पोषण योजना का लाभ रुक गया है। बुधवार को एसोसिएशन की प्रदेश अध्यक्ष शर्मिला देवी, उप प्रधान सुदेश देवी एवं महासचिव सहदेव आर्य ने कहा कि जब तक उनकी मांगे पूरी नही होती, ऑनलाइन काम का बहिष्कार जारी रहेगा। आशा पे एप, डिजीज सर्वेलेंस समेत अभी ऑनलाइन स्वास्थ्य पोर्टलों पर कार्य ठप हैं। प्रदेश की 20 हजार आशा वर्कर का भुगतान नही हो पाएगा। एसो के राज्य प्रेस सचिव संदीप कुंडू ने कहा कि हरियाणा के सभी जिलों में गत 25 अक्टूबर से ऑनलाइन स्वास्थ्य पोर्टलों पर कार्य ठप कर दिया है। एमपीएचडब्ल्यू वर्ग द्वारा आशा पे एप, डिजीज सर्वेलेंस, गैर संचारी रोग, अनमोल सहित सभी एप पर कार्य बंद कर दिया है।



जींद। वह एप जिस पर एमपीएचडब्ल्यू ऑनलाइन एंट्री करते हैं।

**पोर्टलों का बहिष्कार जारी रहेगा**

सरकार द्वारा अनेक कार्यक्रमों के लिए नियुक्त कर्मचारियों की जवाबदेही तय न करना गलत है तथा सारा ऑनलाइन कार्य एमपीएचडब्ल्यू के कंधों पर डाल दिया जाता है लेकिन बावजूद उसके कार्यक्रम की उपलब्धि एमपीएचडब्ल्यू की न जा कर उसी कर्मचारी की गिनी जा रही है। जब तक सरकार द्वारा पहले नियुक्त कर्मचारियों की जवाबदेही तय नही की जाएगी, अतिरिक्त ऑनलाइन कार्यों के लिए मानव संसाधन ऑपरेटर की नियुक्ति व उचित तकनीकी संसाधन जैसे लैपटॉप, टैबलेट व इंटरनेट की सुविधा नहीं दी जाएगी। तब तक प्रदेशभर में ऑनलाइन स्वास्थ्य पोर्टलों का बहिष्कार जारी रहेगा व आमजन होने वाली परेशानी की जिम्मेदारी सरकार एवं विभाग की होगी।

**परेशान करना हमारा उद्देश्य नही**

गौरतलब है कि प्रदेशभर में कार्यरत लगभग 20 हजार आशा वर्कर कार्यरत हैं तथा आशा पे एप के माध्यम से उनका कार्य वेरिफाई करके भुगतान किया जाता है। जोकि एमपीएचडब्ल्यू कर्मचारियों की डिजिटल ऑनलाइन हड़ताल से रुक गया है। एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव सहदेव आर्य ने कहा कि किसी को परेशान करना हमारा उद्धेश्य नही है लेकिन सरकार द्वारा नाजायज बोझ डाल कर एमपीएचडब्ल्यू वर्ग का शोषण किया जा रहा था। जिसके चलते कर्मचारियों ने हड़ताल का रुख किया है।



जिला स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी अतिथिगणों के साथ।

# अग्रिमा, प्रतीक-पलक व वेदांत ने मारी बाजी

## जिला स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

जिला उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा प्रधान एवं दीवान बाल कृष्ण उप प्रधान के मार्गदर्शन में 14वीं जिला स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता डीबीके इंटरनेशनल स्कूल नरवाना के रिंक में आयोजित की गई। जिला सचिव सुनील छाबड़ा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न आयु वर्ग के लड़के एवं लड़कियां क्वाड व इनलाइन स्पीड में भाग लेते हुए अपना दम-खम दिखाया। प्रतियोगिता में 6 से 8 आयु वर्ग में सादिक जांगडा व वान्या जांगडा प्रथम रहे। 8 से 10 आयु वर्ग में मनवीर व मायरा क्वाड में विराज जांगड़ा व अरिहा प्रथम, मिकुल व जीवांशु इनलाइन में द्वितीय रहे। 10 से 12 आयु वर्ग क्वाड में कुणाल व आशीमा प्रथम, विराज सैनी द्वितीय रहे। 10 से 12 आयु वर्ग इनलाइन में ध्रुव गर्ग प्रथम, मिहान द्वितीय व दिव्यांश तृतीय रहे।

**ये रहे विजेता**

12 से 15 आयु वर्ग क्वाड में ध्रुव दत्त व प्रांचल प्रथम, केशव सैनी, श्वेता द्वितीय व अरमान, चेष्टा तृतीय रहे। 12 से 15 आयु वर्ग इनलाइन में प्रतीक, पलक प्रथम व युग द्वितीय रहे। 15 से 18 आयु वर्ग क्वाड में हरप्रीत प्रथम व अमन द्वितीय रहे। 15 से 18 आयु वर्ग इनलाइन में वेदांत, अग्रिमा प्रथम व मोहित द्वितीय रहे। 18 आयु वर्ग क्वाड में मोनिका प्रथम रही। इस मौके पर डीबीके इंटरनैशनल स्कूल प्रिंसीपल प्रिया कुकरेजा ने सभी विजेता खिलाड़ियों को मैडल देकर सम्मानित किया व बच्चों को भविष्य में अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने पर विक्रम कोचए सिमरन कोचए सोनिया कोच जींद व हिसार से आए रोहित कोच का धन्यवाद व्यक्त किया गया। जुगमिंद्र श्योकंद डायरैक्टर इरा इंटरनैशनल स्कूल, भुपेन्द्र जींद व अन्य अभिभावकों ने बच्चों का हौसला बढ़ाया।

### खंडहर रोहतक रोड पर हो नियमित पानी की छिड़काव की गुहार

# रोहतक रोड पर धूल के रूप में लोगों की सांसों में घूल रहा जहर, पैच वर्क प्रारंभ

## जगह-जगह सैकड़ों गहरे गड्ढे , धूल का अत्यधिक स्तर गंभीर समस्या

**छोटे बड़े सभी गड्ढों को जल्द से जल्द भरवाया जाए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

रोहतक रोड पर लोगों की सांसों में धूल रूपी जहर घूल रहा है। वाहनों पर धूल जम गई है लेकिन संबंधित विभाग की कुंभकर्णी नींद नहीं खुल पा रही है। मामला खंडहर में तबदील हो चुके रोहतक रोड का है। यहां पर रेत का गुब्बार बना हुआ है। अग्रवाल समाज के अध्यक्ष राजकुमार गोयल ने डीसी से मांग की है कि यहां पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव करवाया जाए। गोयल ने आमजन को हो रही परेशानी को ध्यान में रखते हुए बदहाल रोहतक रोड पर तुरंत प्रभाव से राहत के कदम उठाया जाए। जब तक सड़क का निर्माण कार्य शुरू नहीं होता तब तक नियमित रूप से पानी का छिड़काव करवाया जाए ताकि धूल की समस्या से अस्थायी राहत मिल सके। साथ ही छोटे बड़े सभी गड्ढों को भरवाने का कार्य जल्द से जल्द शुरू किया जाए। जिससे दुर्घटनाओं की संभावनाएं कम हो सकें। हालांकि प्रशासन ने रोहतक रोड पर पैच वर्क का काम शुरू करवाया है ताकि आमजन को किसी तरह की परेशानी न हो। गोयल ने कहा कि इस सड़क की हालत बेहद खराब है। जगह-जगह सैकडों गहरे गड्ढे बन चुके हैं और धूल का अत्यधिक स्तर लोगों के लिए गंभीर समस्या बन गया है। इस वजह से न केवल रोजाना सड़क से गुजरने वाले लोगों को दिक्कत हो रही है बल्कि आसपास के दुकानदारों और निवासियों को भी सांस लेने में परेशानी जैसी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।


जींद। जर्जर हालत में रोहतक रोड। फोटो :हरिभूमि


जींद। यहां खड़ी एक कार पर जमा रेत। फोटो :हरिभूमि

**सड़क पर रोजाना हादसे हो रहे**

रोहतक रोड की खस्ताहाल स्थिति लोगों की जान पर बन आई है। पूरी तरह से खंडहर हो चुकी इस सड़क पर रोजाना हादसे हो रहे हैं। बीते दिनों स्टेट बैंक आफ इंडिया के पास एक स्कूटी सवार युवती खंडहर सड़क की वजह से ट्रक की चपेट में आ गई। इस हादसे में युवती बुरी तरह घायल हुई। इस प्रकार के अनेकों हादसे सामने आ चुके हैं लेकिन प्रशासन कुंभकर्णी नींद सोए हुए है।

**आंदोलन पर मजबूर**

गोयल ने जींद के डीसी से मांग की है कि जब तक सड़क का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो जाता तब तक नियमित रूप से पानी का छिड़काव करवाया जाए ताकि धूल की समस्या से अस्थायी राहत मिल सके। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि सभी गड्ढों को भरवाने का कार्य जल्द से जल्द शुरू किया जाए जिससे दुर्घटनाओं की संभावनाएं कम हो सकें। गोयल ने कहा कि दो किलोमीटर लंबी यह सड़क जींद शहर को बाहरी क्षेत्रों से जोडने वाला महत्वपूर्ण मार्ग है और इस पर रोजाना हजारों वाहन चलते हैं। इसलिए प्रशासन को चाहिए कि इस सड़क को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त करवाए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि प्रशासन शीघ्र कदम नहीं उठाता तो लोग आंदोलन करने पर मजबूर होंगे।

### मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम शुरू

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि में कुलपति प्रो. राम पाल सैनी के मार्गदर्शन में मनोविज्ञान विभाग द्वारा मार्गदर्शन और परामर्श प्रकोष्ठ के सहयोग से तीन दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन सत्र में विवि की कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन उपस्थित रही। भाषण में डा. अल्का सेठ ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य आज के समय की अत्यंत प्रासंगिक आवश्यकता है और इस प्रकार के आयोजन युवाओं को अपने मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का सशक्त माध्यम हैं। यह भी सांझा किया कि 3 दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न कार्यशालाएं, विशेषज्ञ व्याख्यान और रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की जाएगी। जिनका उद्धेश्य छात्रों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास को प्रोत्साहित करना है। मुख्य वक्ता प्रो. अमृता यादव ने स्वयं को समझना एवं सकारात्मक मनोविज्ञान विषयों पर सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किया।


जींद। कार्यक्रम में प्रस्तुति देती छात्राएं। फोटो :हरिभूमि


जींद। कुलसचिव से मिलने जाते संगठन सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### छात्रवृत्ति संबंधी समस्याओं के समाधान की मांग

**जींद।** किसान छात्र एकता संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने चौधरी रणबीर सिंह विवि की कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन से मुलाकात कर एससी एवं बीसी वर्ग के छात्रों की छात्रवृत्ति संबंधी समस्याओं पर चर्चा की। संगठन के उपाध्यक्ष अभिषेक ने बताया कि विवि द्वारा एससी और बीसी वर्ग के छात्रों की छात्रवृत्ति को अब एचआर छात्रवृत्ति पोर्टल से हटा कर राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल (एनएसपी) पर स्थानांतरित कर दिया गया है। इस बदलाव के कारण अनेक छात्रों के आवेदन रिकार्ड नोट फाइंड या अयोग्य दिखा रहे हैं। जिससे पात्र छात्र आवेदन नहीं कर पा रहे हैं। संगठन ने कुलसचिव से मांग की कि इस विषय में तकनीकी जांच करवाई जाए ताकि पात्र छात्रों का रिकॉर्ड पोर्टल पर सही ढंग से अपडेट हो सके और सभी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ मिल सके। साथ ही आवेदन भरने की अंतिम तिथि बढ़ाने की भी मांग रखी गईए ताकि प्रभावित छात्र आवेदन कर सकें। इसके अलावा नवरतन माथुर ने यह भी मुद्दा उठाया कि पिछले दो वर्षों से ओबीसी वर्ग के छात्रों की छात्रवृत्ति लंबित है।

### बिजलीकर्मियों ने जताया रोष

**जींद।** सरकार की नीतियों के रोष स्वरूप ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर्स यूनियन की बैठक यूनिट उप प्रधान नरेंद्र की अध्यक्षता में की गई। संचालन यूनिट सचिव संदीप गिल ने किया। बैठक को मुख्य वक्ता राज्य उप प्रधान संजीव ढांडा ने संबोधित करते बताया कि निगम मैनेजमेंट जबरदस्ती ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी लागू कर रही है। जिसको अभी लागू करने से तमाम कर्मचारियों को मुसीबतों का सामना करना पड़ेगा। जैसे कि बच्चों की पढ़ाई में दिक्कतें पैदा होंगी और एएलएम और फोरमैन को भी ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी में लाने जा रहे हैं। जिससे लाइन का ज्ञान न होने के कारण हादसे ज्यादा होंगे। इसलिए निगम मैनेजमेंट से बार-बार बात करने का प्रयास किया जा रहा है। परंतु मैनेजमेंट एएलएम और फोरमैन को अंधेरे में धकेलने की और लेके जा रही है। इसलिए राज्य कमेटी में विशेष बैठक करके पांच नवंबर को रोहतक में कन्वेंशन करेगी। 26 नवंबर को एसीएस पॉवर पर प्रदर्शन करते ज्ञापन देगी। सर्किल सचिव धर्मवीर, बलवान मौजूद रहे।


जींद। ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी का विरोध जताते हुए।


जुलाना। अनाजमंडी में पड़ी धान। फोटो :हरिभूमि

### जुलाना की अनाज मंडी में धान की आवक तेज

**जुलाना।** जुलाना कस्बे की अनाज मंडी में इन दिनों धान की आवक जोरों पर है। इस वर्ष अब तक कुल 2,33,708 क्विंटल धान की आवक दर्ज की गई है जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 1,41,700 क्विंटल की तुलना में लगभग 65 प्रतिशत अधिक है। मंडी में अब तक सबसे अधिक आवक 1509 किस्म के धान की रही। जिसकी अब तक 1,22,228 क्विंटल आवक दर्ज हुई है। वहीं बासमती 1121 की आवक भी बढ़कर 1,10,985 क्विंटल पहुंच गई है। जो पिछले वर्ष की तुलना में 155 प्रतिशत ज्यादा है। मंडी में धान की आवक के साथ.साथ लिफ्टिंग का कार्य भी सुचारू रूप से चल रहा है। अब तक कुल 1,82,729 किवंटल धान की लिफ्टिंग की जा चुकी है। इसके अलावा बाजरा की दरें 1900 रुपये प्रति किवंटल बनी हुई हैं और अब तक 6780 किवंटल बाजरा मंडी में पहुंच चुका है।

### उपभोक्ता जागरूकता पर दिया गया विशेष जोर : राजेश वशिष्ठ

# अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की मासिक बैठक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष राजेश वशिष्ठ की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसका मुख्य उद्देश्य संगठन में मजबूती पैदा करना व सक्रिय टीम बना कर अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करना रहा। बैठक में संगठन के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और सदस्यों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। बैठक की शुरुआत संगठन मंत्र से की गई। बैठक की शुरुआत में जिला अध्यक्ष राजेश वशिष्ठ ने संगठन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते कहा कि अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत का मुख्य लक्ष्य उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है ताकि वे किसी भी प्रकार के धोखाधड़ी, ठगी या अधिकारों के हनन से बच सकें। उन्होंने कहा कि आज के समय में उपभोक्ता जागरूकता ही सबसे बड़ा हथियार है, जिससे समाज में पारदर्शिता और न्याय सुनिश्चित किया जा सकता है। राजेश वशिष्ठ ने बताया कि पिछले माह के दौरान संगठन द्वारा जिले में कई जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें उपभोक्ता अधिकारों, उत्पादों की गुणवत्ता, बिलिंग पारदर्शिता और ऑनलाइन ठगी से बचाव जैसे विषयों पर लोगों को जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों से आम नागरिकों में उपभोक्ता अधिकारों के प्रति सकारात्मक बदलाव देखने को मिला है। बैठक में आगामी माह के लिए कार्ययोजना पर भी विस्तार से चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि अगले महीने से खंड स्तर पर उपभोक्ता जागरूकता बैठकें आयोजित की जाएंगी।


जींद। बैठक में भाग लेते संस्था सदस्य। फोटो :हरिभूमि

**अधिकारों की रक्षा के लिए सजग रहे**

बैठक में उपस्थित सदस्यों ने संगठन की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए अपने सुझाव दिए। सभी ने एकमत से यह निर्णय लिया कि उपभोक्ता हितों की रक्षा के लिए हर स्तर पर सक्रिय भूमिका निभाई जाएगी। अंत में जिला अध्यक्ष राजेश वशिष्ठ ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन तभी मजबूत होगा। जब प्रत्येक सदस्य अपने क्षेत्र में उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा के लिए सजग रहेगा। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत का उद्धेश्य केवल शिकायतें दर्ज कराना नही बल्कि समाज में जागरूकता और जि मेदारी की भावना विकसित करना है। कल्याण मंत्र से बैठक का समापन किया गया ।


जींद। बैठक में भाग लेते रोडवेज कर्मचारी यूनियन नेता। फोटो :हरिभूमि

### संदीप बने राज्य महासचिव

**जींद।** हरियाणा रोडवेज संयुक्त कर्मचारी संघ की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता राज्य प्रधान जगदीप लाठर ओर संचालन राज्य महासचिव चमन स्वामी ने किया। राज्य सरंक्षण दलबीर किरमारा ने मुख्य रूप से शिरकत की। बैठक में करोना काल में बिना चले किलोमीटर स्कीम की बसों का करीब 50 करोड़ रूपये की भुगतान राशि का कड़े शब्दों में विरोध किया गया। जोकि रोडवेज कर्मचारियों की गर्दन पर आरी चलाने जैसा है। जबकि करोना काल के दौरान ये बसे रोड पर उतरी ही नही थी। हरियाणा रोडवेज में किलोमीटर स्कीम की 510 ओर 190 बसे है। जोकि की शुरुआत में 26 रुपये 92 पैसे के हिसाब से प्रति किलोमीटर के हिसाब से चलाई गई थी। जो निजी ठेकेदारों की बस है। परंतु अब सरकार द्वारा कंपोजिट भुगतान के नाम बस बिना चले ही इनके खाते में 50 करोड़ रुपये की राशि डाल दी गई है। जो कि कर्मचारियों के साथ एक बधा मजाक है। बैठक में सभी सदस्यों की सहमति से राज्य कार्यकारी महासचिव की जिम्मेदारी संदीप रंगा को दी गई।

## खबर संक्षेप


नुक्कड नाटक का मंचन करते कलाकार

### नुक्कड़ नाटक से दिया नशा मुक्ति का संदेश

**कैथल।** आरकेएसडी पब्लिक स्कूल के छात्रों द्वारा राजकीय संस्कृत विद्यालय सीवन में नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। इस नुक्कड़ नाटक का मुख्य उद्देश्य युवा वर्ग के नशा मुक्ति के लिए प्रेरणा देना था नशे के व्यसन में पड़कर युवा वर्ग किस प्रकार अपने जीवन को गर्त में धकेल रहे हैं, इस बात को बड़ी अच्छी तरह से इस नुक्कड़ नाटक में बताया गया।

### भारतीय का डिपोर्ट होना सरकार की नाकामी

**राजौंद।** इंडियन नेशनल लोकदल के ओबीसी जिलाध्यक्ष सोनू वर्मा ने अमेरिका से हरियाणा के 54 लोगों को डिपोर्ट कर भारत वापिस भेजने को दुखद घटना बताया और कहा कि सब बीजेपी सरकार की नाकामियों का नतीजा है। डिपोर्ट होकर आए लोगों में से करनाल के 16, कैथल के 15, अंबाला और कुरूक्षेत्र के 5-5, यमुनानगर के 4, जींद के 3, सोनीपत के 2, और पंचकुला, फतेहाबाद, रोहतक व पानीपत के 1-1 हैं।

### 51 कुंडीय विश्व शांति एवं शुभकामना यज्ञ

**कैथल।** आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि उपसभा हरियाणा के तत्वावधान में वैदिक संस्कार पुण्य मास के अंतर्गत आर्य युवा समाज के राष्ट्रीय प्रधान योगी सूरी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में ओएसडीएवी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में 51 कुंडीय विश्व शांति एवं शुभकामना यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य यजमान के रूप में उपस्थित विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजु तलवाड़ द्वारा यज्ञ में प्रथमाहुति अर्पित करके किया गया।

### हरियाणा दिवस पर पंचकूला में कार्यक्रम

**कैथल।** डीसी प्रीति ने बताया कि एक नवंबर को हरियाणा दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन पंचकूला में किया जाएगा। इसमें कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग द्वारा एक से तीन नवंबर तक यवनिका गार्डन, सेक्टर-5 पंचकूला में हरियाणवी फोक सोंग/रागनी तथा हरियाणवी लोक नृत्य (समूह) प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। भाग लेने के लिए 30 अक्टूबर तक फॉर्म भरकर अपना आवेदन कर सकते है।

## कैथल पुलिस ने विद्यार्थियों को दिया राष्ट्रीय एकता का संदेश

# छात्रों को राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सद्भाव और देश की अखंडता के महत्व के बारे में जागरूक किया

राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में सभी थानों की पुलिस टीमों ने विभिन्न स्कूलों में छात्रों को किया जागरूक


**कैथल।** अव्वल रहे विद्यार्थियों को सम्मानित करते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस 31 अक्तूबर को पूरे देशभर में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी कड़ी में कैथल पुलिस द्वारा भी जिलेभर में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक उपासना के दिशा-निर्देशानुसार जिले के सभी थानों की टीमों ने विभिन्न सरकारी व निजी स्कूलों में पहुंचकर विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सद्भाव और देश की अखंडता के महत्व के बारे में जागरूक किया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस महानिदेशक हरियाणा ओ.पी. सिंह द्वारा यह निर्देश जारी किए गए हैं कि सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती वर्षगांठ के उपलक्ष में स्कूलों में जाकर विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता और भाईचारे का संदेश दिया जाए। इन निर्देशों की अनुपालना में कैथल पुलिस ने जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष जागरूकता अभियान चलाया, जिसमें थाना स्तर पर पुलिस अधिकारियों ने स्कूलों में जाकर विद्यार्थियों के साथ संवाद स्थापित किया और देश की एकता के लिए प्रेरित किया।

### अनेकता में एकता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत

इस अवसर पर एसपी उपासना ने कहा कि "भारत विविधताओं से भरा हुआ देश है, जहां अनेक भाषाएं, संस्कृतियां, धर्म और परंपराएं हैं, फिर भी हमारी पहचान 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना से होती है। अनेकता में एकता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। हमें धर्म, भाषा या जाति से ऊपर उठकर यह सोचना चाहिए कि सबसे पहले हम भारतीय हैं। जब हम सब एकजुट रहते हैं, तो कोई भी शक्ति हमें कमजोर नहीं कर सकती। समाज में प्रेम, सम्मान और सहनशीलता ही वह सूत्र हैं जो एकता को कायम रखते हैं। राष्ट्र की असली ताकत उसकी एकता में है, मतभेद में नहीं। विचार भले अलग हों, पर लक्ष्य हमेशा एक होना चाहिए राष्ट्र का विकास।" कार्यक्रमों के दौरान पुलिस टीमों ने विद्यार्थियों को मोबाइल फोन के दुरुपयोग से बचने, नशे के दुष्परिणामों तथा साइबर अपराधों के प्रति भी जागरूक किया। विद्यार्थियों को बताया गया कि मोबाइल का अधिक उपयोग न केवल समय की बर्बादी करता है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर डालता है।

## पीएम श्री राकवमावि में जागरूकता कार्यक्रम और रैली का आयोजन



सीवन के कन्या स्कूल में रैली को रवाना करते खंड शिक्षा अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीवन

नगर के पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को नशा मुक्ति अभियान के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और युवाओं को नशे से दूर रखते हुए सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी अनिल छाबड़ा रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मपाल सहारण ने की। मुख्य अतिथि का विद्यालय प्रांगण में पहुंचने पर स्टाफ और विद्यार्थियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। अपने संबोधन में अनिल छाबड़ा ने कहा कि नशा हमारे देश की जड़ों को खोखला कर रहा है। नशे से व्यक्ति ही नहीं, परिवार और समाज भी प्रभावित होता है। युवाओं को चाहिए कि वे नशे से दूरी बनाकर खेलों, शिक्षा और सामाजिक सेवा में अपना भविष्य संवारें। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे स्वयं नशा न करें और दूसरों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम के बाद विद्यालय की छात्राओं द्वारा नशा मुक्ति रैली निकाली गई। रैली को हरी झंडी दिखाकर खंड शिक्षा अधिकारी अनिल छाबड़ा ने रवाना किया। रैली का नेतृत्व अंजलि, गोल्डी गुप्ता, रामनिवास, लेवल सिंह और सुरेश सैनी ने किया। रैली नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई विभिन्न गलियों से गुजरी, जहाँ छात्राओं ने नागरिकों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। बच्चों ने जन-जन का एक ही नारा — नशा मुक्त हो देश हमारा और नशा छुड़ाओ, देश बचाओ जैसे प्रभावशाली नारे लगाकर लोगों में जागरूकता का संचार किया। रैली के समापन पर सभी प्रतिभागी विद्यालय प्रांगण में एकत्र हुए, जहाँ प्रधानाचार्य धर्मपाल ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के अभियान समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में मील का पत्थर साबित होते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ सदैव सक्रिय रहने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षकगण, गैर-शिक्षक कर्मचारी एवं छात्राएँ मौजूद रहीं। कार्यक्रम के आयोजन में विद्यालय स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## डीएवी पब्लिक स्कूल पूंडरी में वैदिक संस्कार पुण्यमास कार्यक्रम का संपन्न

# बच्चों ने सीखे जीवन मूल्यों के संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

डीएवी पब्लिक स्कूल पूंडरी में गत 2 अक्तूबर से प्रारंभ हुआ वैदिक संस्कार पुण्यमास कार्यक्रम आज पूर्ण श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। समापन दिवस पर आर्य युवा समाज के राष्ट्रीय प्रधान योगी सूरी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आचार्य रवींद्र कुमार शास्त्री के ब्रह्मत्व में यज्ञोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आर्य जगत के प्रसिद्ध भजनोपदेशक जयपाल आर्य एवं जगदीश आर्य को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। विद्यालय की प्राचार्या साधना बख्शी ने दोनों भजनोपदेशकों का गायत्री पटका और शाल भेंट कर सम्मान किया। अपने सुमधुर भजनों के माध्यम से जयपाल आर्य ने बच्चों को जीवन में संस्कारों के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि "माता-पिता की सेवा करना, परमात्मा को जानना और सच्चाई के मार्ग पर चलना ही वास्तविक जीवन का उद्देश्य है। परमात्मा निराकार है और जीवन में संस्कार ही मनुष्य को श्रेष्ठ बनाते हैं।


**पूंडरी।** डीएवी स्कूल में भजनोपदेश करते हुए जयपाल आर्य।

### नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया

इस अवसर पर प्राचार्या साधना बख्शी ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में ईश्वर का आभार व्यक्त करते हुए आर्य युवा समाज के राष्ट्रीय प्रधान योगी सूरी को जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम का समापन शांतिपाठ और जयघोष के साथ हुआ। पूरे माह चले इस पुण्यमास कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में वैदिक संस्कारों, सेवा भाव और नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

## 31 को हजारों की संख्या में युवा दौड़ लगाकर देंगे राष्ट्रीय एकता का संदेश

- सरदार छोटू राम इंडोर स्टेडियम से सुबह छह बजे शुरू होगी रन फॉर यूनिटी दौड़: डीसी प्रीति
- सभी नागरिक लें बढ़चढ़ कर भाग


डीसी प्रीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

डीसी प्रीति ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में 31 अक्टूबर को कैथल शहर में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। रन फॉर यूनिटी चौ. छोटू राम इंडोर स्टेडियम से सुबह छह बजे शुरू होगी और इसमें हजारों की संख्या में युवा दौड़ लगाकर राष्ट्रीय एकता का संदेश देंगे। डीसी ने बताया कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई जाएगी। जयंती के उपलक्ष्य में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा, जो स्थानीय चौ. छोटू राम इंडोर स्टेडियम से शुरू होकर छोटू राम चौक, ढांड रोड, सावित्री बाई फुले चौक, लाला चरण दास मार्ग से होते हुए वापिस स्टेडियम में संपन्न होगी। यह आयोजन सरदार वल्लभ भाई पटेल के देश के एकीकरण में दिए गए अविस्मरणीय योगदान को याद करने और राष्ट्रीय एकता दिवस के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम बनेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न विभागों की ड्यूटियां लगाई गई हैं।

### लोगों में उत्साह

डीसी प्रीति ने उम्मीद जताई है कि इस रन फॉर यूनिटी में भारी संख्या में युवा और नागरिक उत्साह के साथ भाग लेंगे। यह विशाल भागीदारी न केवल सरदार पटेल को एक सच्ची श्रद्धांजलि होगी, बल्कि यह भी दर्शाएगी कि कैथल के लोग राष्ट्रीय एकता और भाईचारे के लिए कितने प्रतिबद्ध हैं। प्रशासन ने सभी नागरिकों, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, विशेष रूप से युवाओं से अपील की है कि वे इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का हिस्सा बनें और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं।


विधायक आदित्य सुरजेवाला ने गुरुद्वारा नीम साहिब में नगर कीर्तन में भाग लेते हुए

## विधायक ने गुरुद्वारा नीम साहिब में नगर कीर्तन यात्रा का किया स्वागत

**कैथल।** गुरु श्री गुरु तेग बहादर साहिब, भाई मतीदास, भाई सतीदास एवं भाई दयाला के 350 वर्षीय शहीदी दिवस तथा श्री गुरु गोबिंद सिंह के 350 वर्षीय गुरआई दिवस को समर्पित भव्य नगर कीर्तन यात्रा आज सुबह गुरुद्वारा नीम साहिब पहुंची। इस पावन अवसर पर कैथल विधायक आदित्य सुरजेवाला ने मुख्य रूप से शिरकत की।गुरु साहिब के चरणों में शीश नवाया और यात्रा का हार्दिक स्वागत किया। 'धरम हेत साका जिनि कीआ' की याद में निकली यह शहीदी नगर कीर्तन यात्रा गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादर साहिब, धोबड़ी साहिब (आसाम) से शुरू होकर देश के विभिन्न राज्यों व शहरों से गुजरते हुए नवंबर तक गुरुद्वारा शीशगंज साहिब, श्री आनंदपुर साहिब (रोपड़) में संपन्न होगी। विधायक आदित्य सुरजेवाला ने गुरुद्वारा नीम साहिब में संगत के साथ मिलकर कीर्तन सुना और गुरबानी के स्वरों में डूबकर भाव-विभोर हो गए।

### साइबर अपराध का शिकार कैसे करें शिकायत दी गई जानकारी

**कैथल।** पुलिस अधीक्षक उपासना ने नागरिकों को साइबर अपराधों से बचाव और ठगी की स्थिति में त्वरित कार्रवाई के लिए विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यदि कोई व्यक्ति ऑनलाइन ठगी, धोखाधड़ी, हैकिंग, फर्जी लोन ऐप या किसी अन्य प्रकार के साइबर अपराध का शिकार होता है, तो सबसे पहले राष्ट्रीय साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर तुरंत कॉल करें। पीड़ित की शिकायत संबंधित साइबर फाइनेंशियल फ्रॉड रिपोर्टिंग सिस्टम पर दर्ज की जाती है।

## पुस्तक आयुर्वेदिक पाक कला एवं सात्विक जीवन शैली का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

आकेएसडी महाविद्यालय के संस्कृत विभाग में विभागाध्यक्ष डॉ. विनय सिंघल द्वारा रचित "आयुर्वेदिक पाक कला एवं सात्त्विक जीवन शैली" नामक पुस्तक का विमोचन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजबीर पराशर ने प्राचार्य कक्ष में पुस्तक का विमोचन करते हुए कहा कि यह न केवल संस्कृत विभाग के लिए बल्कि समूचे महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक विद्यार्थियों सहित आम लोगों के लिए भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी क्योंकि इसमें मानव जीवन में दैनिक भोजन की पारंपरिक विधियों, परंपराओं और उनके शारीरिक एवं मानसिक प्रभावों का विस्तृत वर्णन किया गया है। डॉ. पराशर ने बताया कि संयमित आहार परंपरा और सात्त्विक जीवन शैली के माध्यम से मनुष्य स्वस्थ और दीर्घायु जीवन प्राप्त कर सकता है। पुस्तक में खिचड़ी, ठंडाई, गुलाब शरबत, काढ़े और सूप जैसे अनेक आयुर्वेदिक व्यंजनों की विधियां दी गई हैं जो प्राचीन परंपरा को आधुनिक जीवन से जोड़ती हैं। यह पुस्तक डॉ. विनय सिंघल और डॉ. रिचा का संयुक्त प्रयास है। इस अवसर पर डॉ. गीता गोयल, डॉ. रामफल, डॉ. एसपी वर्मा, डॉ. जयबीर धारीवाल और सुमीत कुमार सहित अनेक प्राध्यापक उपस्थित रहे। सभी ने लेखिका को इस उपयोगी और सार्थक कृति के लिए बधाई दी।


कैथल। पुस्तक का विमोचन करते पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

## शिक्षा, संस्कार और एकता पर रहेगा फोकस

# एक नवंबर को अमृत फार्म में होगा अंतरराष्ट्रीय ढुल सम्मेलन

देश-विदेश से ढुल परिवार के सदस्य बड़ी संख्या में शामिल होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

समाज में शिक्षा, संस्कार और एकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 1 नवंबर को अमृत फार्म, ढांड रोड, कैथल में "अंतर्राष्ट्रीय ढुल सम्मेलन" का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम पूर्ण रूप से शिक्षा एवं संस्कार को समर्पित पारिवारिक सम्मेलन होगा, जिसमें देश-विदेश से ढुल परिवार के सदस्य बड़ी संख्या में शामिल होंगे। इस सम्मेलन की अध्यक्षता हरपाल सिंह ढुल, अध्यक्ष सर्व ढुल खाप एवं सर्व ढुल खाप कल्याण समिति द्वारा की जाएगी। आयोजन समिति के अनुसार इस सम्मेलन का प्रमुख उद्देश्य समाज में नई पीढ़ी को शिक्षा के महत्व से जोड़ना, पारिवारिक एकता को मजबूत करना और संस्कारों की परंपरा को आगे बढ़ाना है। कार्यक्रम के दौरान समाज के वरिष्ठजनों, शिक्षाविदों और युवाओं के बीच संवाद सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिसमें समाज के विकास की दिशा पर चर्चा होगी। सम्मेलन में ढुल समाज के गौरवशाली इतिहास, वर्तमान उपलब्धियों और आने वाली पीढ़ियों के मार्गदर्शन के लिए योजनाएं भी प्रस्तुत की जाएंगी। आयोजन समिति के सदस्यों का कहना है कि इस सम्मेलन के माध्यम से समाज के हर वर्ग को एक साझा मंच पर लाने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि शिक्षा, सामाजिक सहयोग और भाईचारे की भावना को और प्रबल किया जा सके। कार्यक्रम में बच्चों व युवाओं के लिए सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, सम्मान समारोह और प्रेरक भाषण आयोजित किए जाएंगे।

पत्रकारों से बातचीत में चौ. हरपाल सिंह ढुल ने बताया कि "अंतर्राष्ट्रीय ढुल सम्मेलन" केवल एक पारिवारिक मिलन नहीं बल्कि समाज की बौद्धिक, सांस्कृतिक और नैतिक चेतना को जागृत करने का एक प्रयास है। उन्होंने कहा कि आज के समय में समाज को सबसे अधिक आवश्यकता शिक्षा, संस्कार और आपसी एकता की है।


अध्यक्ष सर्व ढुल खाप हरपाल सिंह ढुल पत्रकारों से बातचीत करते हुए।

### तंबाकू निषेध दिवस पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता करवाई

**कलायत।** शिक्षा भारती विद्या निकेतन कलायत में तंबाकू निषेध दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने तंबाकू में नशे से दूर रहने का सशक्त संदेश अपने चित्रों के माध्यम से दिया गया। कार्यक्रम की अगवाई विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री जितेंद्र सिंह व उपप्रधानाचार्य अमरदीप भारद्वाज के द्वारा की गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री जितेंद्र सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि तंबाकू व नशा ऐसा जहर है जो कि हमारे शरीर को धीरे-धीरे समाप्त कर रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय के अध्यक्ष कुलदीप सिंह ने कहा कि नशा दिमाग की तरह हमारे शरीर को खोखला कर देता है इसलिए हर व्यक्ति को नशा छोड़कर स्वस्थ जीवन अपनाना चाहिए।

Ph. 01681-247102
**दी जीन्द जिला प्राथमिक सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक समिति**
**The Jind Distt. Primary Co-operative Agri. & Rural Development Bank Ltd;**

Ref. No. Dated : ....

**सार्वजनिक सूचना**

दी जीन्द जिला प्राथमिक सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक सीमित जीन्द के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि बैंक की आम सभा की बैठक दिनांक 19-11-2025 को प्रातः 11:00 बजे नजदीक अटल पार्क सफीदों रोड जीन्द, के पास मुख्य कार्यकारी अधिकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक सीमित जीन्द के कार्यालय में होना निश्चित हुई है। बैंक के सभी सदस्यों से अनुरोध है कि वे निश्चित तिथि, समय व स्थान पर पहुँच कर बैठक में भाग लेने का कष्ट करें। आम सभा की बैठक का एजेण्डा निम्न प्रकार से है।

1) आम सभा की पिछली बैठक दिनांक 12-12-2024 की कार्यवाही की पुष्टि करने पर विचार।
(2) वर्ष 2024-25 के लेखा-चोखा (बैलेस भीट) वा लाभ हानि खातों को अनुमोदित करने बारे विचार।
(3) वर्ष 2022-23, 2023-24 की Audit Report (आडिट रिपोर्ट) की अनुपालना को अनुमोदित करने बारे विचार ।

आपको यह भी सूचना दी जाती है कि आम सभा की बैठक की अलग से कोई सूचना अक द्वारा नहीं भेजी जाएगी।

मनोज श्योराण
मुख्य कार्यकारी अधिकारी
दी जीन्द जिला प्राथमिक सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक सीमित, जीन्द

**खबर संक्षेप**

## साहित्य सभा नौ को करेगी कवि-सम्मेलन

**कैथल।** साहित्य सभा कैथल द्वारा आगामी नौ नवम्बर को स्थानीय आरकेएसडी कालेज में कवि-सम्मेलन, पुस्तक-लोकार्पण एवं सम्मान-समारोह का आयोजन किया जायेगा।इस आयोजन में सेवा-निवृत्त भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी एवं वरिष्ठ साहित्यकार डा. सुमेधा कटारिया मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगीं।सम्पूर्ण आयोजन की अध्यक्षता हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी,पंचकूला के उर्दू भाषा प्रकोष्ठ के निदेशक डा. चंद्र त्रिखा करेंगे।विशिष्ट् अतिथि के रूप में वरिष्ठ रंगकर्मी एवं साहित्यकार रेशमा कल्याण, समाज-सेवी,उद्योगपति एवं साहित्यकार डा. जय भगवान सिंगला और सेवा संघ कैथल के प्रधान डा. शिव शंकर सिंह पाहवा मंच को सुशोभित करेंगे।

## पूंडरी में विशाल स्वास्थ्य कैंप कल

**पूंडरी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुण्डरी में विशाल स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन 31 अक्टूबर दिन शुक्रवार को लगाया जा रहा है। यह जानकारी अस्पताल के डा. महेश ने दी। उन्होंने बताया कि इस कैम्प में स्पेशलिस्ट जनरल मेडिसिन, सर्जन, नेत्र रोग विशेषज्ञ, दांत रोग विशेषज्ञ, नाक कान व गला रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, बच्चों के विशेषज्ञ, मनोरोग विशेषज्ञ, चमड़ी रोग विशेषज्ञ आएंगे। उन्होंने लोगों से अपील की है कि बढ़ चढ़ कर कैम्प का लाभ उठाएं।

## जिला परिवेदना समिति बैठक में 15 में से आठ शिकायतों का निपटान

# श्रम कल्याण विभाग की कार्यशैली पर डीसी सख्त बोले-लापरवाही करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा

**आमजन की शिकायतों के निपटारे का सशक्त माध्यम है जिला परिवेदना समिति : डीसी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

डीआरडीए सभागार में बुधवार को जिला परिवेदना समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा को करनी थी लेकिन किन्ही कारणों के चलते वो बैठक में नही आ पाए। जिस पर डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बैठक की अध्यक्षता की और एक-एक कर 15 शिकायतें सुनी। जिनमें से आठ शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया। शेष सात मामलों पर डीसी ने संबंधित अधिकारियों को अगली बैठक तक जांच पूर्ण कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि जिला परिवेदना समिति आम जनता की शिकायतों के त्वरित निवारण का एक बेहद प्रभावी व पारदर्शी प्लेटफार्म है। इस बैठक में शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को अधिकारियों और समिति के गैर सरकारी सदस्यों की उपस्थिति में ध्यानपूर्वक सुना जाता है तथा निष्पक्ष जांच के बाद उचित कारवाई सुनिश्चित की जाती है।



जींद। शिकायतें सुनते हुए डीसी। *फोटो : हरिभूमि*

### कन्यादान न मिलने की शिकायत रखी

शास्त्री नगर निवासी विजय द्वारा लेबर विभाग (श्रम विभाग) से कन्यादान न मिलने की शिकायत रखी। जिस पर एडीसी व गैर सरकारी सदस्यों की कमेटी गठित की गई थी। कमेटी ने डीसी को बताया कि ये व्यक्ति विभाग से कन्यादान के पात्र थे। उस समय पोर्टल नहीं चल रहा था। जिसके कारण वे आवेदन नहीं कर सके। डीसी ने एडीसी को कहा कि वे इसका केस बना कर सरकार के पास भेजे ताकि शिकायतकर्ता को इस योजना का लाभ दिया जा सके। डीसी ने मौके पर मौजूद अधिकारियों से कहा कि वह बातों को गोल-गोल नही घूमा कर केवल हा या नहीं में जवाब दें। कर्मचारी के बार-बार तर्क देने के बाद भी डीसी उनसे कहते रहे कि वे हां या ना में जवाब दें कि क्या आवेन करते समय प्रार्थी योग्य पात्र था नहीं। अंत में जब कर्मचारी ने कहा कि वह प्रार्थी आवेदन के लिए पात्र नहीं था तो डीसी ने कहा कि अगर प्रार्थी आवेदन के लिए पात्र नहीं था तो उन्होंने आवेदन को रिजेक्ट क्यों नहीं किया। वे बैठक को मिस गाइड कर रहे हैं। हिसार से आए अधिकारी ने कहा कि उनकी ओर से प्रार्थी के लिए जितना संभव हो सकते उतनी मदद करने का प्रयास कर रहे हैं।

### एक्शन मोड में नजर आए उपायुक्त

परिवेदना समिति की बैठक में अवैध खुर्दों के मामले में डीसी मोहम्मद इमरान रजा निर्णायक एवं एक्शन मोड़ में नजर आए। जिला के गांव नगूरां तथा अमरगढ़ से प्राप्त शिकायत अनुसार संबंधित गांवों में नाजायज तरीके से स्थापित खुर्दों पर सरेआम शराब ब्रिकी हो रही है। जिससे आमजन परेशान है। डीसी द्वारा इस मामले में उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त से जब स्थिति अवगत करवाने बारे कहा गया तो डीईटीसी के अनुसार वहां विभागीय कर्मचारियों द्वारा विजिट कर ली गई है और ऐसा कोई मामला संज्ञान में नहीं आया है और साथ ही डीईटीसी ने बताया कि शिकायतकर्ताओं ने लिखित में भी अपनी संतुष्टि दी है। शिकायतकर्ताओं के समिति बैठक में अनुपस्थित होने पर डीसी ने स्वयं शिकायतकर्ता व अमरगढ़ निवासी से दूरभाष पर सम्पर्क किया तो शिकायतकर्ता ने खुर्दे ज्यों का त्यों होने और उनका संतुष्ट भी नहीं होने की बात रखी। मामले पर तुरंत अमल करते हुए डीसी ने डीटीसी को निर्देश दिए कि वे दोबारा व्यक्तिगत तौर पर दोनों गांवों का दौरा करें और इस दौरान वे गैर सरकारी सदस्यों को भी मौके पर मौजूद रहने के लिए कहें। यथास्थिति की रिपोर्ट आगामी कार्यवाही तक लंबित रखी जाए।

**ये रहे बैठक में मौजूद**
बैठक में पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह, एडीसी विवेक आर्य, एसडीएम जींद सत्यवान मान, एसडीएम नरवाना जगदीश चंद्र, एसडीएम सफीदों पुलकित मल्होत्रा, एसडीएम उचाना दलजीत सिंह, एसडीएम जुलाना होशियार सिंह, डीएमसी सुरेन्द्र दूहन, आरटीए गिरीश कुमार, नगराधीश मोनिका रानी, एमडी शुगर मिल प्रवीण कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं जिला ग्रीवेंस कमेटी के गैर.सरकारी सदस्य उपस्थित रहे।

### एक-एक कर सुनी शिकायतें

**सीआरएसयू की एक छात्रा द्वारा परीक्षा परिणामों में अनियमितता की शिकायत पर उपायुक्त ने अतिरिक्त उपायुक्त को जांच सौंपी**

कृष्णा कुमार ने अपनी भूमि पर अन्य व्यक्तियों द्वारा गलत रजिस्ट्री करवाने की शिकायत रखी। जिससे वह सरकारी सब्सिडी से वंचित रह गया। डीसी ने बताया कि इस संबंध में मुकद्मा दर्ज किया जा चुका है तथा पुलिस कार्यवाही प्रगति पर है। शिकायतकर्ता संतुष्ट पाया गया। जिस कारण समिति ने इस मामले को निस्तारित कर दिया। शमशेर सिंह की शिकायत पर डीसी ने एसडीएम सफीदों पुलकित मल्होत्रा को जांच कर अगली बैठक तक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि जांच समिति में गैर सरकारी सदस्य को भी शामिल किया जाए ताकि जांच पूर्णतः निष्पक्ष रहे। गुरुचरण सिंह ने अपनी भूमि की निशानदेही एवं हक दिलाने की शिकायत रखी। डीसी ने बताया कि राजस्व विभाग की जांच में पाया गया कि यह भूमि अनधिकृत कॉलोनी क्षेत्र में आती है। जहां अवैध रूप से प्लाट काटे गए हैं। इसलिए यह मामला राजस्व विभाग के दायरे में नहीं आता और पुलिस विभाग को इस पर कार्यवाही के निर्देश दिए गए। रागखेड़ा की महिला सरपंच रीना ने बताया कि गांव का बोर बेल जो ठीक प्रकार से कार्य नहीं कर रहा है। जिससे पानी आपूर्ति बाधित है। इस पर डीसी ने निर्देश दिए कि समस्या के स्थायी समाधान तक गांव में टैंकरों के माध्यम से पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। सुभाष चंद्र एवं अन्य किसानों ने नाली निर्माण संबंधी शिकायत प्रस्तुत की। इस पर डीसी ने एसडीएम सफीदों को निर्देश दिए कि एक्सईएन काडा, एक्सईएन सिंचाई विभाग तथा समिति के गैर सरकारी सदस्यों के साथ मिलकर प्रकरण से संबंधित सभी कागजातों का अवलोकन करें और अगली बैठक में विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करें। सीआरएसयू की एक छात्रा द्वारा परीक्षा परिणामों में अनियमितता की शिकायत पर डीसी ने एडीसी को जांच सौंपी और रिपोर्ट आने तक मामले को लंबित रखा गया।

# गुम हुए 45 मोबाइलों को पुलिस ने मालिकों को सौंपा

- मोबाइल पाकर मालिक हुए खुश, बरामद किए गए मोबाइलों की कीमत 7 .15 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** गुम हुए मोबाइलों को उनके मालिकों को सौंपते हुए एसपी कुलदीप सिंह।

जिला में अलग-अलग लोगों के गुम हुए 45 मोबाइलों को पुलिस ने तलाश कर उनके मालिकों को सौंपा है। गुम हुए मोबाइलों की कीमत लगभग सात लाख 15 हजार रुपये है। गुम हुए मोबाइल वापस पाकर फोन मालिक खुश नजर आ रहे थे।

गौरतलब है कि हरियाणा सरकार ने दूरसंचार विभाग भारत सरकार द्वारा निर्मित पोर्टल सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर (सीईआईआर) से गुम हुए मोबाइलों के लिए शुरू किया जा चुका है। जींद पुलिस की साइबर सुरक्षा शाखा ने आम जनता के गुम हुए 45 मोबाइल फोन तलाश कर बुधवार को उनके असल मालिकों के हवाले किया। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह द्वारा मोबाइल मालिकों को ये मोबाइल सौंपे हैं। जो व्यक्ति अपने मोबाइल लेने के लिए पुलिस अधीक्षक कार्यालय में नहीं आ पाए, पुलिस द्वारा उनके घर जाकर उन्हे मोबाइल दिए गए। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने कहा कि मोबाइल चोरी के संबंध में मिली शिकायतों पर कार्यवाही करते हुए जींद साईबर सुरक्षा इंचार्ज उप निरीक्षक अनमोल के नेतृत्व में सिपाही अनिल कुमार ने एक अगस्त से लेकर अक्टूबर 2025 तक के जींद जिले से गुम हुए 45 मोबाइल फोन की तलाश की है। बरामद किए गए मोबाइल की कीमत लगभग सात लाख 15 हजार रुपये है। साइबर सैल को आम जनता के गुम हुए मोबाइल को बरामद करने के संबंध में विशेष दिशा-निर्देश जारी किए हुए हैं। जिस पर साइबर शाखा द्वारा आम जनता के गुमशुदगी के फोन को सर्च करके उनके असल मालिक को कार्यालय में बुला कर उनके सुपुर्द किया जाता है।

### मोबाइल गुम होने की सूचना तुरंत पुलिस को दें

अक्सर लोगों की लापरवाही से मोबाइल गुम हो जाते हैं, मोबाइल के गुम होने की सूचना तुरंत पुलिस को और संबंधित कंपनी जिसका सिम कार्ड प्रयोग किया जाता है को दें ताकि आपके मोबाईल का कोई दुरुपयोग ना कर सके। अपना गुमशुदा मोबाइल फोन मिलने पर आमजन बहुत खुश हुए। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा मोबाइल गुमशुदगी की रिपोर्ट करने व मोबाइल को ब्लॉक करने के लिए पोर्टल सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी को शुरू किया जा चुका है। अब आमजन घर बैठे भी इस पोर्टल पर अपनी मोबाइल गुमशुदगी से संबंधित शिकायत दर्ज करवा सकता है।

# शिविर में 44 युवाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर कमाया पुण्य

- शिविर में विद्यार्थियों और जनसामान्य ने बढ़-चढ़कर भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी



**पूंडरी।** रक्तदान शिविर में छात्रों व रक्तदाताओं को बेच लगाकर सम्मानित करते हुए प्रिंसिपल डॉ राजेश तुरान। *फोटो :हरिभूमि*

आर्य समाज की युवा पीढ़ी के प्रेरणास्त्रोत महात्मा आनंद स्वामी के प्रेरणा से आर्य युवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी सूरी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में डीएवी कॉलेज पूंडरी में विश्व शांति यज्ञ एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महात्मा आनंद स्वामी हॉल में संपन्न हुआ। कॉलेज के कार्यकारी प्राचार्य डॉ. राजेश तुरान ने बताया कि योगी सूरी के जन्मदिवस पर प्रातःकालीन अग्निहोत्र यज्ञ का आयोजन किया गया। डॉ. तुरान ने बताया कि कॉलेज द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में कुल 44 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। इस अवसर पर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया पूंडरी ब्रांच की ओर से रक्तदाताओं के लिए जलपान की व्यवस्था की गई। रक्तदान शिविर में विद्यार्थियों और जनसामान्य ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# स्वच्छता के बिना नहीं की जा सकती जीवन की कल्पना : सतीश मच्छाल

- क्लीन इंडिया कार्यक्रम के तहत जागरूकता गोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



**कैथल।** विद्यार्थियों को संबोधित करती माफी भाल

युवा अधिकारी एवं उद्यमिता विभाग हरियाणा द्वारा युवा मामलों के तहत राजकीय आईटीआई कैथल के सभागार में क्लीन इंडिया कार्यक्रम के तहत जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें संस्थान में चल रही राष्ट्रीय सेवा योजना व नेशनल कैडेट कोर यूनिट के छात्रों ने भाग लिया कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सतीश मच्छाल प्रधानाचार्य एवं जिला नोडल अधिकारी राजकीय आईटीआई कैथल ने कहा कि स्वच्छता के बिना हम स्वस्थ जीवन जीने की कल्पना भी नहीं कर सकते। माफी भाल ने बताया कि स्वच्छता हमें बीमारियों से बचाती है। हमारे आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखना हर नागरिक की जिम्मेवारी है इसलिए हमें कूड़ा कचरा खुले में नहीं फेंकना चाहिए यह हमारी सांझी जिम्मेवारी बनती है। कार्यक्रम में शमशेर सिंह मलिक कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना, जोगिंदर सिंह एनसीसी अधिकारी, राहुल चौहान एंप्लॉयबिलिटी स्किल अनुदेशक संतोष व ईंन्दूबाला, सुमित कुमार ने भी संबोधित किया।

## इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाएं : रिषिपाल



**जींद।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष रिषिपाल हैबतपुर ने कहा कि 31 अक्टूबर को भारत की पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की 41वीं पुण्यतिथि है। इस वर्ष भी यह दिन राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाएगा। कार्यक्रम की रूपरेखा श्रद्धांजलि सभाएं, प्रदेश के सभी ब्लॉक और जिला स्तर पर श्रद्धांजलि सभाओं का आयोजन किया जाएगा। सभी कार्यकर्ता, नेता और नागरिक 31 अक्टूबर को स्व. इंदिरा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दें। इस दिन जनसभाएं, संगोष्ठियां, नुक्कड़ सभाएं आदि आयोजित कर उनके विचारों, जीवनी और राष्ट्रीय एकता में उनके योगदान पर प्रकाश डालें। राष्ट्रीय एकता का संदेश फैलाएं। इंदिरा गांधी के साहस, नेतृत्व और एकता के प्रति समर्पण को याद करें।

# स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर लोगों में बढ़ रहा रोष

- आयुष्मान योजना से बहुत सी बीमारियों का इलाज बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी



**पूंडरी।** जानकारी देते हुए डॉ एससी मित्तल व प्रबंधक गौरव वालिया एडवोकेट।

हरियाणा में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा आयुष्मान भारत और निरोगी हरियाणा जैसी योजनाओं में बदलाव के बाद गरीब वर्ग के मरीजों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अब कई बड़ी बीमारियों और ऑपरेशनों को इन योजनाओं के दायरे से बाहर कर दिया गया है, जिससे गरीब मरीजों का मुफ्त इलाज रुक गया है। पूर्व सीएमओ डॉ. एससी मित्तल और ओम हॉस्पिटल पूंडरी के प्रबंधक गौरव वालिया एडवोकेट ने इस फैसले पर गहरा रोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड अब खाली कागज का टुकड़ा बनकर रह गया है। लोग अस्पतालों में यह कार्ड लेकर इलाज की मांग करते हैं, लेकिन सरकार द्वारा 16 प्रकार की बीमारियों और ऑपरेशनों को योजना से बाहर किए जाने के कारण उनका इलाज संभव नहीं हो पाता। डॉ. मित्तल ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में बेहतर इलाज, दवाइयों और जांच मशीनों की कमी के कारण मरीज पहले ही प्राइवेट अस्पतालों का रुख कर रहे थे।

### परेशानी बढ़ेगी

डॉ. मित्तल और गौरव वालिया ने कहा कि सरकार को अपने इस निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए ताकि गरीब वर्ग को फिर से मुफ्त उपचार की सुविधा मिल सके। स्वास्थ्य योजनाएं लोगों की मदद के लिए होती हैं, लेकिन मौजूदा स्थिति में ये गरीबों के लिए परेशानी का कारण बन रही हैं। स्थानीय नागरिकों ने भी सरकार से अपील की है कि आयुष्मान योजना को पुराने स्वरूप में बहाल किया जाए ताकि कोई भी गरीब इलाज के अभाव में पीड़ित न रहे।



**राजौंद।** विजेता खिलाड़ियों का स्कूल में जोरदार स्वागत करते हुए।

## खेलों में छाए बिरला ओपन इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थी

**राजौंद।** बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल राजौंद के चार विद्यार्थियों ने सीबीएसई स्कूल गेम्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। स्कूल के प्रधानाचार्य शीश पाल ने बताया की कसौली इंटरनेशनल स्कूल हिमाचल प्रदेश में 24 से 28 अक्टूबर तक आयोजित इस प्रतियोगिता में छात्र प्रतीक, शुभम,वंशिका और दीपांशी ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल का परिचय देते हुए यह उपलब्धि हासिल की है। इन छात्रों के राष्ट्रीय स्तर के चयन से विद्यालय परिवार में उत्साह और गर्व की लहर है। अब यह चारों छात्र ऑल इंडिया नेशनल गेम्स में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेंगे। विद्यालय प्रबंधन एवं समस्त स्टाफ ने विजेता खिलाड़ियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रधानाचार्य ने कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि अन्य छात्रों को भी प्रेरित करेगी और विद्यालय का नाम पूरे देश में गौरवान्वित करेगी।

## चलाई विशेष रेलगाड़ियां, खाटू श्याम के लिए चली 2 ट्रेन, 8 जिलों को फायदा

# देवउठनी एकादशी के उपलक्ष्य में यात्रियों पर मेहरबान रेलवे

नरेश पंवार ▶▶| कैथल

हरियाणा में छह जिलों जींद, कैथल, कुरुक्षेत्र, रोहतक, झज्जर, नारनौल, गुरुग्राम जिले के खाटू श्याम श्रद्धालुओं के लिए अच्छी खबर है। रेलवे ने कुरुक्षेत्र से खाटू श्याम के लिए दो स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया है। देव उठनी एकादसी के उपलक्ष्य में श्रद्धालुओं की डिमांड पर चलने वाली ये दो स्पेशल कुरुक्षेत्र-फुलेरा-कुरुक्षेत्र ट्रेन अप-डाउन के चार-चार चक्कर लगाएंगी। इसके चलने से हजारों श्रद्धालुओं को ट्रेन चलने से फायदा मिलेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के पीआरओ शशि किरण ने बताया कि इन स्पेशल ट्रेनों का संचानल 30 अक्तूबर से 3 नवंबर तक होगा। कुरुक्षेत्र -फुलेरा-कुरुक्षेत्र एवं फुलेरा-शकूरबस्ती-फुलेरा अनारक्षित स्पेशल ट्रेन चलने से यात्रियों को काफी सुविधा होगी।



### ये रहेगा टाइम टेबल

कुरुक्षेत्र -फुलेरा अनारक्षित स्पेशल ट्रेन नंबर 09711 कुरुक्षेत्र से रात को 11 बजकर 30 मिनट पर चलेगी, जो कैथल, नरवाना, जींद, रोहतक, झज्जर, नारनौल, गुरुग्राम होते हुए सुबह साढ़े 8 बजे फुलेरा पहुंचाएगी। इसके बाद ट्रेन नंबर 09712, फुलेरा-कुरुक्षेत्र अनारक्षित स्पेशल ट्रेन फुलेरा से सुबह 9 बजकर 50 मिनट पर चलेगी, जो गुरुग्राम, नारनौल, झज्जर, रोहतक, जुलाना, जींद, नरवाना, कैथल होते हुए कुरुक्षेत्र करीब रात को 8 बजे पहुंचेगी।

### इन स्टेशनों पर होगा ठहराव

कुरुक्षेत्र के बाद कैथल, नरवाना, जींद, रोहतक, अस्थल बोहर, झज्जर, रेवाड़ी, कुंड, अटेली, नारनौल, डाबला, नीमकाथाना, कावट, श्रीमाधोपुर, रींगस व रेनवाल स्टेशनों पर इन स्पेशल ट्रेनों का ठहराव होगा। रेलसेवा में साधारण श्रेणी के कुल 18 डिब्बे होंगे।

### दूसरी स्पेशल ट्रेन की यह रहेगी टाइमिंग

ट्रेन 09713, फुलेरा-शकूर बस्ती अनारक्षित स्पेशल ट्रेन फुलेरा से सुबह 10 बजकर 40 बजे चलेगी, जो दोपहर बाद साढ़े 4 बजे शकूर बस्ती पहुंचेगी। ट्रेन 09714, शकूरबस्ती -फुलेरा अनारक्षित ट्रेन शकूर बस्ती से शाम 7 बजे रवाना होकर रात 2:30 बजे फुलेरा पहुंचेगी। यह ट्रेन रेनवाल, रींगस, श्रीमाधोपुर, नीमकाथाना, डाबला, नारनौल, अटेली, कुंड, रेवाड़ी, गुड़गांव, एवं दिल्ली कैंट स्टेशनों पर ठहराव करेगी। रेलसेवा में साधारण श्रेणी के कुल 14 डिब्बे होंगे।